**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–30.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राष्ट्र आज महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि दे रहा है। इस अवसर पर आज सुबह नई दिल्ली में गांधी समाधि राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

******************

इधर राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने सो"ल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि राष्ट्रपिता ने सत्य, अहिंसा और शांति के मार्ग पर चलते हुए उन्होंने सम्पूर्ण विश्व को मानवता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनका नमन किया।

******************

संसद का बजट–सत्र कल से शुरू हो रहा है। इस सत्र की पूर्व संध्या पर आज आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग संसद के समक्ष मुद्दे और इश्यूज बिफोर पार्लियामेंट विषय पर विशेष चर्चा प्रसारित करेगा। कार्यक्रम संसद के समक्ष मुद्दे 100 दशमलव एक मेगाहट्र्ज आकाशवाणी गोल्ड और अतिरिक्त मीटरों पर आज रात साढे नौ बजे से सुना जा सकता है। कार्यक्रम इश्यूज बिफोर पार्लियामेंट अंग्रेजी में 102 दशमलव छह मेगाहट्र्ज आकाशवाणी रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर इसी समय रात साढे नौ बजे से सुना जा सकेगा। यह कार्यक्रम हमारे यू ट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल पर भी सुना जा सकता है।।

******************

दिल्ली में आयोजित ंगणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित लातेहार जिले की नेतरहाट पंचायत के राम बिशुन नगेसिया ने गणतंत्र दिवस समारोह के अनुभव साझा किए। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं ।

******************

रांची समेत आठ जिलों के 800 छात्र–छात्राएँ आज रात 8 बजे हटिया रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना होंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह भ्रमण IRCTC द्वारा आयोजित किया गया है।

******************

झारखंड को मेडिको एग्रीकल्चर हब बनाने के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की झारखंड उद्यम शक्ति परियोजना की रूपरेखा तैयार की गई है। फिनलैंड की कंपनी सॉफ्टा के सीईओ सुनील कुमार सिंह ने वित्त मंत्री से मुलाकात कर परियोजना पर चर्चा की। इस योजना से दो लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे और झारखंड के उत्पाद सीधे यूरोपीय बाजारों में निर्यात किए जाएंगे।

******************

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति ने आज मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में 31 सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि समिति ने विधेयक से संबंधित 14 खंडों पर संशोधन को स्वीकार किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले छह महीनों में विधेयक पर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया।

******************

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र को 4 फरवरी तक वाहन मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक अंशुमन मिश्रा ने बताया कि मेला क्षेत्र में केवल आवश्यक सेवाओं वाले वाहन को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। ।

********